वर्ष 28 अंक 124
पृष्ठ 20+4=24
बरेली, शनिवार
14 जनवरी 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

ॐ घृणिः सूर्य आदित्याय नमः

बरेली क्लब को हराकर फाइनल में जेसीए

जासं, बरेली : एसआरएमएस अकादमी में चल रहे राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को जेसीए ने बरेली क्लब को 98 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसीए ने 40 ओवर में 220 रन बनाए। वंशदीप ने 88 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूती दी। जबकि आमिर-तुषार ने 35, 35 रन बनाए। बरेली क्लब की ओर से अनंत ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। जवाब में बरेली क्लब की टीम 30.5 ओवर में 123 रन पर ही ढेर हो गई। आदित्य ने 32, चैतन्य ने 25 रन की पारी खेली। जेसीए की ओर से अभिषेक पाल ने तीन और रितिक व जतिन ने दो-दो विकेट लिए। कोच मनीष सिंह ने कहा कि शनिवार को एसआरएमएस अकादमी और जेसीए के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।